10 लाख साल पहले पकाने की शुरुआत!



दक्षिण अफ्रीका की एक गुफा से प्राप्त राख के विश्लेषण से संकेत मिला है कि शायद इन्सानों ने खाना पकाना 10 लाख साल पहले शुरू कर दिया था। बोस्टन विश्वविद्यालय के पुरातत्त्ववेत्ता फ्रांसेस्को बर्ना और उनके साथियों ने दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप प्रांत की वंडरवर्क गुफा में 30 मीटर अंदर जली हुई घास, पत्तियों और हड्डियों की राख के अवशेष प्राप्त किए हैं। यह गुफा सबसे पुरानी मानव बसाहटों में से एक मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि यहां लोग करीब 20 लाख साल पहले रहे हैं।

वैसे शोधकर्ताओं का कहना है कि वे यह कह पाने में असमर्थ हैं कि मानव-सदृश (होमिनिन) जीवों की कौन-सी प्रजाति का वास यहां रहा होगा मगर संभवतः 10 लाख साल पूर्व यहां के निवासी *होमो इरेक्टस* थे।

जो राख यहां से मिली है उसके कण चंद मिलीमीटर से लेकर चंद से.मी. तक हैं। इन कणों के किनारे नुकीले हैं। इससे पता चलता है कि ये कण कहीं ओर से हवा के साथ उड़कर नहीं आए हैं क्योंकि उस स्थिति में घर्षण से इनके किनारे घिसकर बोथरे हो जाते। इससे तो लगता है कि यह आग यहीं लगी होगी। बर्ना की टीम ने आग लगने के अन्य कारणों पर भी गौर किया। जैसे देखा गया है कि चमगादड़ों की बीट का ढेर एक जगह लग जाए तो कई बार स्वतः आग पकड़ लेता है। मगर यहां चमगादड़ों की बीट के कोई अवशेष नहीं मिले हैं। इस सबके आधार पर बर्ना की टीम का निष्कर्ष है कि यहां आग होमिनिन्स ने ही लगाई होगी।

यह तो पक्की बात है कि पकाने पर खाद्य सामग्री ज़्यादा आसानी से पचती है और उतनी ही मात्रा खाने पर ज़्यादा पोषण प्रदान करती है। यानी खाना पकाना शुरू करने के बाद होमिनिन्स को भोजन जुटाने में कम समय व्यतीत करना होगा। मगर क्या 10 लाख साल पुरानी आग के ये अवशेष इस बात के प्रमाण हैं कि होमिनिन्स ने उस समय खाना पकाना शुरू कर दिया था।

शायद हां, शायद नहीं। इससे पहले भी जले हुए अवशेष 10-15 लाख साल पहले तक के मिले हैं। मगर दक्षिण अफ्रीका में जिस जगह ये अवशेष मिले थे वह खुली जगह थी और आकाशीय बिजली के कारण आग लगना संभव था। वंडरवर्क एक गुफा है और आग 30 मीटर अंदर पाई गई है, तो यह कुदरती कारणों से नहीं लगी होगी। मगर फिर भी अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अभी यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाज़ी होगी कि उस समय होमिनिन्स आग का नियमित उपयोग करने लगे थे, खाना पकाने की बात तो दूर की है। ऐसा निष्कर्ष निकालने से पहले कई और प्रमाण जुटाने होंगे। फिलहाल इन्सानों द्वारा खाना पकाए जाने के सबसे पुराने पुख्ता सबूत 4 लाख साल पहले के मिले हैं। ***(स्रोत फीचर्स)***